

सुहास वाय एल देश के पहले ऐसे नौकरशाह हैं जिन्होंने पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपने पूरे जीवन में जो कुछ भी किया हमेशा अव्वल ही रहे। प्रशासनिक सेवा में आने से पहले पढ़ाई और प्राइवेट नौकरी सब कुछ अव्वल ही किया वे नोएडा के डीएम हैं।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...


● वर्ष- 15 अंक-212 ● कटनी ● शनिवार, 4 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



# सोना-चांदी पर एक साथ निशाना

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाज मनीष नरवाल और सिंहराज ने टोक्यो पैरालंपिक में कमाल कर दिया। मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 50 मीटर पिस्टल स्पर्धा एसएच-1 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता। वहीं इसी स्पर्धा में सिंहराज अडाना ने बेहतरीन निशाना साधते हुए रजत पदक पर कब्जा किया। मनीष ने फाइनल में 218.2 का स्कोर किया। जबकि सिंहराज ने 216.7 का स्कोर करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। जबकि, रूस ओलंपिक समित के सर्जेइ मालिशेव ने 196.8 अंकों के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। क्वालीफिकेशन में सिंहराज 536 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थे। जबकि मनीष नरवाल 533 अंकों के साथ सातवें नंबर पर रहे। मनीष ने टोक्यो पैरालंपिक में भारत की तीसरा स्वर्ण पदक जिताने में सफल रहे। इससे पहले अवनि लेखरा और सुमित अंतिल भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सिंहराज की बात की जाए तो उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक में अपना दूसरा पदक जीता है। इसे पहले सिंहराज ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके अवाला अवनि लेखरा भी दो पदक जीत चुकी हैं जिनमें एक स्वर्ण और एक ब्रांज मेडल शामिल है। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक में अब तक 15 पदक जीते हैं जिनमें तीन स्वर्ण, सात रजत और और पांच कांस्य पदक शामिल हैं। पैरालंपिक में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। मौजूदा समय में पदक तालिका में भारत 34वें स्थान पर है।




# यशभारत सम्मानित

## वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला को मिलेगा जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार



**जबलपुर।** पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय छवि तथा अपनी लगनशीलता कठिन संघर्ष, कर्मठता से बेहतरीन मुकाम हासिल करने वाले यशभारत के संस्थापक श्री आशीष शुक्ला को जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जबलपुर में यह पहला अवसर है जब जगतगुरु शंकराचार्य जी के शुभ हाथों से पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। श्री शुक्ला को स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के 98 वें जन्मदिन 9 सितंबर 2021 को परमहंसी गंगा आश्रम, झोतेश्वर, श्रीधाम में महाराजश्री के करकमलों से यह पुरस्कार मिलेगा । उन्हें इस पुरस्कार में एक लाख रुपये की राशि तथा सम्मानपत्र से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला को जगतगुरु शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस पर श्री शुक्ला ने कहा कि यह सभी कलमकारों तथा यशभारत के प्रत्येक सदस्य, शुभचिंतक तथा सभी सुधि पाठकों का सम्मान है।

**मिलेगा एक लाख रुपए का नगद पुरस्कार**

# तीन दिन से लगातार 40 हजार पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामले में उतार-चढ़ाव जारी है। किसी दिन मामले बढ़ रहे हैं तो किसी दिन संक्रमित मरीजों की संख्या कम हो जाती है। पिछले तीन दिन से कोरोना के दैनिक मामले फिर से 40 हजार के पार हैं। एक सितंबर से लगातार कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। बीते 24 घंटे में 42 हजार नए पॉजिटिवि मरीज मिले हैं, जबकि 330 लोगों की मौत हुई। वहीं, 29, 322 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दी गई है। कोरोना से मरने वाली की संख्या में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इससे दो दिन पहले तक कोरोना से मौत का आंकड़ा 350 के पार रहता था। कोरोना के सबसे ज्यादा नए मामले केरल से आ रहे हैं। एक दिन करीब तीस हजार नए मामले सामने आ रहे हैं। वहीं, महाराष्ट्र में भी कोरोना की रफ्तार तेज है। राज्य में कोरोना के दैनिक मामले 5 हजार से ऊपर आ रहे हैं। देश में अभी तक 3 करोड़ 21 लाख लोग कोरोना को मात देकर सामान्य जिंदगी जी रहे हैं। हालांकि, तीन करोड़ 29 लाख से ज्यादा लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जबकि 4 लाख 40 हजार संक्रमितों की मौत हो चुकी । देश भर में अब तक 67.72 लाख से ज्यादा लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग चुकी है। बीते 24 घंटों में 58.85 लाख अलग-अलग टीकों की खुराक लगाई जा चुकी हैं।

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए-42,618
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए-29, 322
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-330
बीते 24 घंटे में कोरोना टीका- 58.85
सक्रिय मरीजों की संख्या- 4.05 लाख
कुल संक्रमित हुए लोग- 3,29 करोड़
अब तक ठीक हुए- 3.21 करोड़
अब तक कुल मौतें- 4.40 लाख
अब तक कुल कोरोना टीका- 67.72 करोड़

### 42 जिलों में रोजाना 100 से ज्यादा मामले आ रहे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, 10 मई के बाद से देश में कोरोना पॉजिटिविटी दर में कमी आई है, लेकिन केरल में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देशभर में पिछले हफ्ते आए कोरोना के कुल मामलों में से 69त्न मामले सिर्फ केरल से आए हैं। वहां फिलहाल एक लाख से ज्यादा एक्टिव केस हैं। अभी भी 42 जिलों में कोरोना के रोज 100 से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं।

# मोदी जल्द करेंगे अमेरिका दौरा

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में चल रहे सियासी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही अमेरिका का दौरा कर सकते हैं। अफगान संकट के कारण बढ़ी मुसीबतों के चलते प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिकी दौरा बेहद खास माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी 22 से 27 सितंबर के बीच अमेरिकी दौरा कर सकते हैं। इस दौरान पीएम मोदी वाशिंगटन और न्यूयॉर्क का दौरा करेंगे। गौरतलब है की अमेरिका में राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा सत्ता संभाले जाने बाद पीएम मोदी का ये पहला अमेरिकी दौरा है। फिलहाल पीएम मोदी के दौरे को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच पहली बार आमने-सामने की मुलाकात होगी। हालांकि इससे पहले दोनों नेता करीब 3 बार वर्चुअल मीटिंग में मिल चुके हैं। दोनों नेताओं के बीच सबसे पहले वर्चुअल मुलाकात मार्च में क्वॉड शिखर सम्मेलन में हुई थी, फिर इसके बाद अप्रैल में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान दोनों की वर्चुअल मुलाकात हुई, फिर आखिर में जी-7 की बैठक में भी इन दोनों नेताओं की वर्चुअल मुलाकात हुई थी। अफगानिस्तान में तेजी से बदल रहे हालात के बीच पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे का खास महत्व है। पीएम मोदी ने आखिरी बार सितंबर 2019 में अमेरिका का दौरा किया था, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित किया था।



# कपड़ा फैक्टरी में धमाके के बाद लगी भीषण आग

## एक की मौत, चार कर्मचारी घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बोईसर में शनिवार सुबह बड़ा धमाका हो गया। यहां की जखारिया फैब्रिक लिमिटेड में तेज धमाके के बाद आग लग गई। इस हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। पालघर पुलिस ने बताया कि शव को बरामद कर लिया गया है। वहीं इस घटना में चार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस व दमकल विभाग की टीम राहत व बचाव कार्य कर रही है।

# राजस्थान पंचायत चुनावों में कांग्रेस की बल्ले-बल्ले, भाजपा को नुकसान

**जयपुर।** राजस्थान के छह जिलों में पंचायत चुनाव के लिए मतगणना सुबह 9 शुरू हो गई है। जयपुर, जोधपुर और दौसा में कांग्रेस आगे चल रही है। दौसा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिला है। यहां मंत्री ममता भूपेश ने खूब प्रचार किया था। यहां की 21 में से 11 सीट पर कांग्रेस जीती है, जबकि भाजपा 6 पर सिमट गई है। चार पर निर्दलीयों का कब्जा रहा है। जोधपुर में 387 में से 205 के परिणाम आ चुके हैं। 205 में से भाजपा 73, कांग्रेस 108, आरपीएल 13 व अन्य 9 स्थानों पर विजयी हुए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस खेमे में जश्न का माहौल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह नगर जोधपुर के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में रहा है। वहीं यहां से सांसद केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की इज्जत भी दांव पर लगी है। इससे पहले पहला नजीता कांग्रेस के पक्ष में रहा। आबूरोड पंचायत समिति के वार्ड संख्या 1 से कांग्रेस के उम्मीदवार विजय हुए हैं।



# जिला सहकारी केंद्रीय बैंक महाप्रबंधक 1.50 लाख की रिश्वत लेते पकड़ में आया



**झाबुआ।** इंदौर लोकायुक्त की टीम ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के महाप्रबंधक डीआर सरोटिया को एक लाख पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक महाप्रबंधक सरोटिया ने कालीदेवी के मैनेजर से तीन लाख की रिश्वत मांगी थी और इसमें से एक लाख पचास हजार रुपये पहले ही ले लिए थे। अब एक लाख पचास हजार रुपये की रिश्वत की दूसरी किश्त लेते हुए पकड़ा गया। लोकायुक्त की टीम इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

# अन्नदाता को जल्द मिलेगा नया तोहफा

**नई दिल्ली।** जानकारी के अनुसार जल्द ही केंद्र सरकार किसानों के हित में एक बड़ा फैसला कर सकती है। इसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही है। सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके खर्चे को कम करने के अन्य स्त्रोतों पर काम कर रही है। इसमें एक सबसे प्रमुख स्त्रोत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है। इससे अब तक 12.4 करोड़ से अधिक किसान जुड़ चुके हैं... किसानों से बातचीत में शामिल रहे एक केंद्रीय मंत्री से किसानों की समस्या पर हुई बात को समझा जाए तो मंत्री जी का कहना है कि केंद्र सरकार किसान संगठनों के अड़ियल रुख को देखकर उनसे बातचीत की पहल नहीं करेगी। प्रधानमंत्री की चिंता में देश के किसान हैं और हम उनके लिए जो बन पड़ेगा, वह सब कुछ करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जल्द ही केंद्र सरकार किसानों के हित में एक बड़ा फैसला कर सकती है। इसकी तैयारी बड़े जोर-शोर से चल रही है। सूत्र का कहना है कि कृषि मंत्रालय इसके बाबत काम कर रहा है। हालांकि उन्होंने इसके आगे का कोई भी खुलासा करने से इनकार कर दिया। इस जानकारी को पुख्ता करने के लिए कृषि मंत्रालय के कई अधिकारियों से संपर्क करने पर पता चला कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, उनके खर्चे को कम करने के अन्य स्त्रोतों पर काम कर रही है। इसमें एक सबसे प्रमुख स्त्रोत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हैसरकार इसके दायरे और राशि की सीमा बढ़ाने के विकल्पों पर विचार कर रही है।



## क्विक अपडेट




# तीन घंटों तक बंद रहेंगी एसबीआई की इंटरनेट बैंकिंग

**नई दिल्ली।** आपका खाता देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक में है, तो ये खबर आपके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसा इसलिए क्योंकि आज और कल कुछ घंटों के लिए बैंक की कई सेवाएं बाधित रहेंगी। ऐसे में आपके काम अटक सकते हैं। इसलिए ग्राहक अपने सभी जरूरी काम जल्द निपटा लें। इस संदर्भ में बैंक ने अपने ग्राहकों को अलर्ट भी जारी किया है।एसबीआई ने ट्वीट कर दी जानकारी तीन घंटों के लिए इंटरनेट बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), योनो, आईएमपीएस, योनो बिजनेस और योनो लाइट की सुविधा का लाभ नहीं उठा पाएंगे।



# फिरोजाबाद में रहस्यमयी बुखार का कहर जारी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में संदिग्ध डेंगू और वायरल बुखार के मामले बढ़ने के कारण स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ केंद्र की टीम भी सक्रिय हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की पांच सदस्यीय टीम ने फिरोजाबाद में डोर-टू-डोर सर्वे किया और बुखार का प्रसार रोकने के लिए लोगों को विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर-घर सर्वे करने के बाद जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ भी एक बैठक की। फिरोजाबाद जिले के सीएमआ डॉ. दिनेश प्रेमी ने बताया कि जब भी किसी राज्य में महामारी जैसा संकट होता है कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम संबंधित राज्य का दौरा करती है, फिरोजाबाद में फैल रहे बुखार के संबंध में जांच के लिए 5 डॉक्टरों की टीम आई थी।

# मुल्ला बरादर को मिलेगी कमान

## अब दो-तीन दिन बाद सरकार बनाएगा तालिबान

**काबुल।** अफगानिस्तान में नई सरकार का गठन दो से तीन दिन में हो जाएगा। इसको लेकर तालिबान की ओर से आधिकारिक बयान जारी कर दिया गया है। सरकार गठन को लेकर शनिवार को हुई बैठक के बाद तालिबानी नेताओं का कहना है कि सरकार में शामिल होने वाले नामों का खुलासा भी सरकार गठन के साथ ही होगा। माना जा रहा है कि तालिबान का सह-संस्थापक मुल्ला बरादर इस नई सरकार का नेतृत्व करेगा। तालिबान सूत्रों ने बताया कि दोहा स्थित तालिबान के राजनीतिक कार्यालय के चेयरमैन मुल्ला अब्दुल गनी बरादर को सरकार का प्रमुख बनाने की सार्वजनिक घोषणा जल्द ही होगी। मुल्ला बरादर के साथ तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे मुल्ला मोहम्मद याकूब व शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनकजई की भी सरकार में अहम भूमिका होगी। तालिबान के सूचना व संस्कृति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी मुफ्ती इनामुल्लाह सामंगानी ने कहा कि सभी शीर्ष नेता काबुल पहुंच चुके हैं और नई सरकार का एलान करने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सरकार के गठन को लेकर आपसी सहमति बन चुकी है, और अब मंत्रिमंडल को लेकर कुछ आवश्यक बातचीत हो रही है। एक वरिष्ठ तालिबान अधिकारी के मुताबिक, संगठन का सुप्रीम लीडर हैबतुल्लाह अखुंदजादा धार्मिक मामलों और इस्लाम के दायरे में ईरान की तर्ज पर राजव्यवस्था का ढांचा तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मौजूदा जानकारी के मुताबिक नई तालिबानी सरकार में 12 मुस्लिम विद्वानों के सूरा या सलाहकारी परिषद के साथ 25 मंत्री होंगे। छह से आठ महीने के भीतर एक लोया जिरगा यानी महासभा बुलाने की भी योजना बनाई जा रही है, जिसमें संविधान और भविष्य की सरकार की संरचना पर चर्चा करने के लिए अफगान समाज के बुजुर्गों और प्रतिनिधियों को एक साथ लाया जाएगा।



# रतलाम के पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा के साथ 45 लाख की धोखाधड़ी



**रतलाम।** भाजपा नेता व रतलाम के पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा की फर्म के साथ 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। सीमेंट के व्यापार को लेकर आधा दर्जन लोगों ने पैंसालीस लाख रुपए डिपोजिट करवाकर धोखाधड़ी की है। पूर्व महापौर डागा की शिकायत पर स्टेशन रोड पुलिस ने आधा दर्जन आरोपितों के खिलाफ धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने तीन आरोपितो को हिरासत में ले लिया है लेकिन अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के अनुसार 45 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में पूर्व महापौर व सीमेंट व्यापारी शैलेन्द्र डागा निवासी पावर हाउस रोड की रिपोर्ट पर आरोपित रमेश कुमार निवासी भोपाल सहित छह आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420 व 147 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। डागा से छह लोगों ने फरवरी में सीमेंट कंपनी का हवाला देकर सीमेंट का बिजनेस करने की बात कही थी। बताया जा रहा है कि कथित लोगों ने डागा की फर्म से सीमेंट व्यापार को लेकर 45 लाख रुपए डिपोजिट भी करवा लिए थे। बाद में व्यापारिक शर्तों का उल्लंघन और धोखाधड़ी की गई। डिपोजिट राशि वापस मांगने पर टालमटोल करते रहे। रुपये वापस नहीं देने पर डागा ने पुलिस को मामले की शिकायत की। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार एक दल आरोपितों की तलाश में भोपाल भेज गया है। दल ने तीन आरोपितों को हिरासत में लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।






# धोनी से जुड़े सवाल पर चकराए सहवाग और गांगुली, लेनी पड़ी एक्सपर्ट की मदद

**मुंबई।** टेलीविजन के मशहूर रिएलिटी क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' के 13वें सीजन की शुरुआत होते ही दर्शक इसे काफी पसंद कर रहे हैं। इसी बीच शो के शानदार शनिवार एपिसोड में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग पहले स्पेशल गेस्ट बनकर पहुंचे। शो में पहुंचे दोनों खिलाड़ियों ने होस्ट अमिताभ बच्चन के साथ कई मजेदार किस्से साझा किए। साथ ही शो में पूछे गए सवालों का जवाब देकर अपने फाउंडेशंस के लिए 25 लाख रुपये की रकम भी जीती। शो के दौरान सवालों का जवाब देते हुए दोनों खिलाड़ियों ने चारों हेल्प लाइन की मदद से यह धनराशि जीती। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान उन्होंने क्रिकेट से जुड़े एक सवाल के लिए एक्सपर्ट की राय ली। यह सवाल पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से जुड़ा हुआ था। दरअसल, शो के होस्ट अमिताभ बच्चन ने सौरव गांगुली और वीरेंद्र सहवाग से क्रिकेट से जुड़ा एक सवाल पूछा। यह सवाल था कि ट्रेविस डाउलिन का विकेट, किस पूर्व भारतीय कप्तान का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय विकेट है? इस सवाल के लिए खिलाड़ियों को चार ऑप्शन दिए गए थे। इस सवाल पहले तो सौरव और सहवाग काफी कंफ्यूज नजर आए। फिर दोनों ने ही अलग-अलग ऑप्शन को चुना। गांगुली ने सुनील गावस्कर का नाम लिया, तो सहवाग ने अजहरुद्दीन का। हालांकि, दोनों ही खिलाड़ी एक-दूसरे के जवाब से असहमत नजर आए। काफी कंफ्यूजन के बाद आखिर में इस सवाल पर सहवाग और गांगुली ने आखिरी लाइफ लाइन एक्सपर्ट की राय का इस्तेमाल करने का फैसला किया। इस पर एक्सपर्ट ने जवाब में महेंद्र सिंह धोनी का नाम बताया। एक्सपर्ट ने बताया कि ट्रेविस डाउलिन 2009 चैंपियंस ट्रॉफी में वेस्टइंडीज के लिए खेले थे। महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में दिनेश कार्तिक को विकेटकिपिंग थमा कर यह विकेट लिया था। इसके बाद धोनी ने एक और विकेट लिया था, लेकिन अंपायर ने उसे मान्य नहीं किया। धोनी के नाम सिर्फ एक अंतरराष्ट्रीय विकेट है ट्रेविस डाउलिन का।



### 50 लाख रुपये के सवाल का जवाब नहीं दे पाएं खिलाड़ी

इसके दोनों खिलाड़ियों से 50 लाख रुपये के लिए सवाल पूछा गया। हालांकि, जब तक वह इस सवाल का जवाब दे पाते तब तक हूटर बज गया और खेल के अंत की घोषणा कर दी गई। 50 लाख के लिए खिलाड़ियों से पूछा गया प्रश्न था कि आजाद हिंद रेडियो सेवा पहली बार 1942 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व में किस देश में शुरू की गई थी? इसके लिए सौरभ और सहवाग को चार विकल्प दिए गए थे- जापान, जर्मनी, सिंगापुर और बर्मा

कटनी
शनिवार, 04 सितम्बर 2021
यश भारत

# अवैध खनिज परिवहन व ओव्हर लोड वाहनों पर करें कार्यवाही

## राजस्व, पुलिस व संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक में कलेक्टर और एसपी ने दिए निर्देश

कटनी। माफिया के विरुद्ध कार्यवाही एवं कानून व्यवस्था के संबंध में संबंधित विभागों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित हुई। पुलिस कन्ट्रोल रुम में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने निर्धारित एजेण्डे की बिन्दुवार समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधितों को दिये। संयुक्त बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने 1 सितम्बर को प्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि इस संबंध में जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। सभी निकायों में कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन कराने आवश्यक कार्यवाही की जाये। बिना मास्क और सोशल डिस्टेन्स का पालन ना करने पर कार्यवाही भी संबंधित विभागीय अधिकारी करें।





बैठक में भू-माफियाओं पर कार्यवाही, खाद्य एवं राशन की कालाबाजारी पर कार्यवाही, कृषि खाद की कालाबाजारी करने वालों पर कार्यवाही, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने, अवैध उत्खनन एवं परिवहन और मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्यवाहियों का विस्तार से रिव्यू किया गया। साथ ही तेजी से इन सभी बिन्दुओं पर त्वरित एवं सख्त कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित अमले को दिये गये। समीक्षा बैठक में खनिज परिवहन के ओव्हर लोडिंग के मामलों में कार्यवाही सतत् रुप से कार्यवाही जारी रखने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होने कहा कि वाहनों में ओव्हर लोडिंग के लगाये गये पटरों को हटाने की कार्यवाही जारी रहे। सभी संबंधित मामलों में रेण्डम और प्रभावी कार्यवाही भी अधिकारी सुनिश्चि करें। भूमि कब्जे को लेकर प्रकरणों में शिविर लगाकर प्रकरणों का निराकरण करने के लिये कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया। इसके साथ ही अवैध कॉलोनी पर भी कार्यवाही करने के निर्देश श्री मिश्रा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र केडिया सहित पुलिस, राजस्व व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।




# चलित मॉडल से बच्चे सीखेंगे वैज्ञानिक गतिविधियां

## शासकीय हाईस्कूल खरखरी अमुवारी में स्थापित किया गया मिनी साइंस सेंटर




कटनी। जिले के शासकीय हाई स्कूल खरखरी अमुवारी के बच्चों को विज्ञान, गणित, तकनीकी व इंजीनिरिंग से जुड़े प्रश्नों के जवाब आसानी से मिल सकेंगे। स्कूल में मिनी साइंस सेंटर की स्थापना की गई है, जिसमें चलित मॉडलों के माध्यम से बच्चों को वैज्ञानिक गतिविधियों से रूबरू कराने की व्यवस्था की गई है। केंद्र में विज्ञान, गणित, तकनीकी व इंजीनियरिंग के 75 चलित मॉडल स्थापित किए गए हैं, जिनसे स्कूली बच्चों को सीखने एवं सिखाने की प्रक्रिया को सरल व सुविधाजनक बनाया जा सके। प्रत्येक मॉडल को रोचक एवं अभिनव ढंग से तैयार किया गया। छात्रों एवं शिक्षकों को सशक्त बनाने हेतु यह एक ऐसा समग्र कार्यक्रम है, जिससे छात्रों को विज्ञान और गणित की बुनियादी अवधारणा को आसानी से समझने में मदद मिल सकेगी। इस हेतु स्टेम लर्निंग के प्रशिक्षक द्वारा शाला में 2 शिक्षकों व 10 विद्यार्थियों को 1 दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। मिनी साइंस सेंटर की स्थापना एसीसी ट्रस्ट द्वारा स्टीम लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से की गई है। मिनी साइंस सेंटर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह व अमेहटा एसीसी प्रोजेक्ट हेड मनोज शर्मा की उपस्थिति में किया गया। आसपास के क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु चलित कंप्यूटर बस, आईटी लैब का भी जिला शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम ने अवलोकन किया। प्रोजेक्ट हेड श्री शर्मा द्वारा शासकीय हाई स्कूल खरखरी अमुवारी के प्रभारी प्राचार्य को स्मार्ट क्लास हेतु एलसीडी प्रोजेक्टर व प्रोजेक्टर स्क्रीन भी प्रदान की गई।

# त्यौहारों के दौरान गाइडलाइन का पालन कराएगा प्रशासन

कटनी। कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के अनुपालन में अपर कलेक्टर एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट रोमोनुस टोप्पो ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों को यथावत रखते हुये धार्मिक कार्यक्रमों एवं त्यौहारों को दृष्टिगत राते हुये नवीन अतिरिक्त दिशा-निर्देश शामिल किये गये हैं। जो कि सम्पूर्ण कटनी जिले के अंतर्गत प्रभावशील रहेंगे। इस आदेश के तहत प्रतिमा के लिये पण्डाल का आकार अधिकतम 30 बाई 45 फीट नियत किया गया है। झांकी निर्माताओं को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसी झांकियों की स्थापना एवं प्रदर्शन नहीं करें, जिनमें संकुचित जगह के कारण श्रद्वालुओं व दर्शकों की भीड़ एकत्र नहीं हो तथा सोशल डिसटेन्सिंग का पालन हो, इसकी व्यवस्था आयोजनकों द्वारा सुनिश्चित की जायेगी।वहीं मूर्तियों का विसर्जन संबंधित आयोजन समिति द्वारा किया जायेगा। विसर्जन स्थल पर ले जाने के लिये अधिक 10 व्यक्तियों के समूह की अनुमति होगी। इसके लिये आयोजकों को पृथक से संबंधित अनुविभागीय

### धारा 144 के तहत जिला प्रशासन ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

अधिकारी राजस्व से लिखित अनुमति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रुप से विसर्जन के लिये अधिक से अधिक उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाये ताकि विसर्जन स्थल पर काम पर कम भीड़ हो। कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये धार्मिक व सामाजिक आयोजन के लिये चल समारोह निकालने की अनुमति नहीं होगी। विसर्जन के लिये सामूहिक चल समारोह भी अनुमत्य नहीं होंगे। लाउड स्पीकर बजाने के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी की गई गाईड लाईन का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। सार्वजनिक स्थानों पर कोविड संक्रमण से बचाव के तारतम्य में झांकियों, पण्डालों, विसर्जन के आयोजनों में श्रद्वालुओं, दर्शकों को फेसकवर, सोशल डिस्टेन्सिंग एवं सैनेटाईजर का प्रयोग के साथ ही राज्य शासन द्वारा समय समय पर जारी किये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा। जारी निर्देशों का उल्लंघन करने पर धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51 से 60 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।



# 66 व्यक्तियों पर किया गया 6600 रूपए का जुर्माना

कटनी।

नगर में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकनें एवं संभावित तीसरी लहर के प्रसार बचाव हेतु नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा जागरूकता गतिविधियों के संचालन के साथ साथ गठित अतिक्रमण अमले के माध्यम से अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न कर घूमनें वालों पर निरंतर चालानी कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण निरीक्षक प्रशांत परौहा ने जानकारी देते हुए बताया कि कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकनें हेतु निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा मिशन चौक क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 66 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमते पाये जानें पर 6600/- की चालानी कार्यवाही की जाकर घर की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग करनें की समझाईश दी गई।



# राज्य खेल अकादमियों में चयन के लिये 205 प्रतिभागी शामिल

कटनी। मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमियों हेतु जिले में खिलाड़ियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रतिभा चयन के चौथे दिन सम्पूर्ण जिले से 400 बालक व बालिकाओं को आमंत्रित किया गया। जिसमें 205 बालक व बालिकाओं ने अपनी क्षमता का प्रदर्षन किया। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने बताया कि शुक्रवार को आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान जिले के जिला रोजगार अधिकारी डी0के0पासी द्वारा आये हुए सभी प्रतिभागियों को अपने फिल्ड में अच्छी मेहनत करने, लक्ष्य बनाने, किसी भी फिल्ड में बेहतर प्रदर्षन ही आगें बढ़ा सकता हैं का मंत्र दिया गया। इस चयन ट्रायल में उत्क्ष्ट प्रदर्षन करने वाले सभी खिलाड़ी चयनित होने पर जबलपुर में संभाग स्तर पर आयोजित होने वाले द्वितीय स्तर खेल परीक्षण में सम्मिलित होंगे। यह आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। बालक व बालिकाओ का चयन शिक्षा विभाग के अनुप डॉगीवाला और शिक्षा विभाग के खेल शिक्षक व समस्त खेल प्रभारी, खेल संघ से हरीश परोहा, प्रताप निषाद्, ए0सी0सी0 कैमोर से अनुप श्रीवास, पहाड़ी खेल मैदान से लोहा सिंह, कन्हवारा से राजू मोर्य, योगाचार्य राजकिशोर पटेल, योग शिक्षक सुनिता मित्रा, सुशील श्रीवास, आदिमजाति कल्याण विभाग के समस्त खेल शिक्षकों के द्वारा किया गया। 4 सितम्बर 2021 को सरल क्रमांक 1301 से 1700 तक के बालक व बालिकाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण प्रातः 7:30 बजे से किया जायेगा।



## भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष ने ली कटनी में बैठक

# जीडीपी छलांग इकोनॉमी के अच्छे संकेत




कटनी। पिछली तिमाही में जीडीपी में 20 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोत्तरी, जो कि इतिहास में सबसे बड़ी है, देश की मजबूत अर्थव्यवस्था हेतु अच्छे संकेत हैं। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कटनी में कार्यकर्ताओं की बैठक में व्यक्त किये। भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन ने कटनी प्रवास के दौरान पार्टी कार्यालय में बैठक ली। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक महामारी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था इतनी बड़ी उछाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का दूरदर्शी उपाय के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ झूठ का सहारा लेकर दुष्प्रचार में जुटा है जो कभी कामयाब नहीं हो पायेगा। कटनी पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने समस्त कार्यकर्ताओं की ओर से प्रदेश कोषाध्यक्ष का स्वागत किया। श्री जैन ने कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसा दल है जिसमें आजीवन सहयोग निधि के माध्यम से पार्टी का संचालन होता है। हम श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी का जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मना रहे हैं और इस संगठन पर्व में वर्ष भर सेवा कार्य करेंगे जैसा पार्टी ने कोरोना काल में पार्टी संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में सेवा ही संगठन-2 के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के साथ किये है। इस अवसर पर पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंघानिया, सह कोषाध्यक्ष अर्पित अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा कर रहा आन्दोलन की तैयारी

कटनी।

मप्र अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये संगठनात्मक निर्देशों के अनुरूप पूरे प्रदेश के सभी संगठनों के कर्मचारी नेता 8 सितंबर को संयुक्त मोर्चा की बैठक जो लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यालय में सायं 5 बजे आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति तैयार कर सरकार को नोटिस दिए जाने का निर्णय लिये जाने की बात अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रान्तीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा बतायी गयी है।



# वैक्सीनेशन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा नगर निगम

कटनी। जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशों के परिपालन में नगर निगम सीमान्तर्गत आयोजित होनें वाले वैक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों में निगम प्रशासन द्वारा विभागरीय आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराई जा रही है। इसी तारतम्य में आज नगरीय सीमा क्षेत्र में आयोजित होनें वाले वेक्सीनेशन सत्र हेतु चिन्हित टीकाकरण केन्द्रों पुरानी कचहरी, बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, शेरावाली मंदिर राजीव गांधी वार्ड, रेल्वे हास्पिटल एन.के.जे कटनी, आर्डिनेंस हास्पिटल,ए.सी.सी हास्पिटल, सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल में निगम प्रशासन द्वारा आवश्यक साफसफाई, चूने की लाईनिंग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थांए पूर्ण कराई जाकर गठित निगम के दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शत प्रतिशत टीकाकरण करानें के प्रयास किये गए।

# चाय पिलाकर कराया लंबित मामलों का निराकरण

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव की सराहनीय पहल



कटनी। ग्राम पहाड़ी खेरा, पोस्ट बचैया, थाना बहोरीबंद निवासी धनेश चौधरी पिता भजनलाल चौधरी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जागेश्वर लोधी के विरूद्ध मजदूरी राशि रूपये 57 हजार रूपए दिलाये जाने एवं भविष्य में परेशान न किये जाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। इसके अतिरिक्त दोनों पक्षों द्वारा मारपीट की एफआईआर एवं एस.सी. एस.टी. एक्ट के तहत आवेदन संबंधित थाने में किया जा चुका है। उक्त संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवेदक एवं अनावेदकगण को मीडिएशन कार्यवाही हेतु कार्यालय में उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी कर उभयपक्षों की पृथक-पृथक सिटिंग कार्यवाही की गयी। अनावेदक से परिचर्चा किये जाने पर उसके द्वारा व्यक्त किया गया कि आवेदक को संपूर्ण राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा कोई राशि दिया जाना शेष नहीं है। आवेदक एवं अनावेदक को मीडिएशन के माध्यम से मामले के निराकरण के फायदे समझाते हुये दोनों पक्षों को एक साथ चाय पर आमंत्रित किया गया। समझाईश उपरांत आवेदक धनेश चौधरी ने अनावेदक जागेश्वर लोधी के पैर छूकर माफी मांगते हुये मामले के सौहार्द्रपूर्ण निपटारा हेतु अपनी सहमति प्रदान की। उनके द्वारा राशि रूपये 57 हजार रूपए के स्थान पर केवल रूपये 15 हजार रूपए के भुगतान एवं की गयी आवेदन, एफआईआर को वापस लेने हेतु भी सहमति व्यक्त किया। जागेश्वर लोधी पिता रतिराम लोधी ने बड़प्पन दिखाते हुये आवेदक को गले लगाकर की गई एफआईआर को वापस लेने की सहमति प्रदान की। इस प्रकार जिला न्यायाधीश व सचिव दिनेश कुमार नोटिया, मनीष कौशिक, जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में चाय पिलाकर दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कराकर भविष्य में न्यायालय तक पहुंचने वाले लगभग 5-6 प्रकरणों पूरी तरह से निपटारा कराया गया।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 04 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# औषधियां हमारी पुरातन धरोहर, घरों में मौजूद है कई बीमारियों का इलाज

## घुघरा नर्सरी में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, औषधि पौधों का हुआ वितरण



**कटनी।** देश वर्ष 2021-22 को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। आयुष विभाग द्वारा भी इस महोत्सव में अनेक गतिविधियां वर्षभर संचालित करने की योजना बनाई गई है। इसी के तहत विभाग आयुष आपके द्वार कार्यक्रम से घरों में औषधीय पौधों के रोपण के लिये औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में जिले में औषधीय पौधों के वितरण का कार्य घुघरा नर्सरी संजय निकुंज में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय और जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे मौजूद रहे। उद्यान विभाग द्वारा संचालित नर्सरी में आयोजित कार्यक्रम की विधायक श्री पांडेय व जिला पंचायत सीईओ ने पूजन कर शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक श्री पांडेय ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि औषधि हमारी पुरातन धरोहर के समान हैं। हमारे घर के किचिन, आंगन व बगीचों में ही कई चीजें व पौधे ऐसे हैं, जिनका हमको ज्ञान नहीं होता है ,जबकि वे कई बीमारियों का सटीक इलाज होते हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत पौधों का जो वितरण कर रहा है, उससे लोगों का हमारे आयुर्वेद के प्रति ज्ञान बढ़ेगा। वहीं जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने आयुष विभाग द्वारा कोरोना कॉल में किए गए कार्य और औषधीय पौधों के लाभ को लेकर लोगों को जागरूक किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि प्रदेश में आयुष विभाग, उद्यानिकी, वन व पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से प्रति जिला 1500 पौधों का वितरण उद्यानिकी विभाग की सरकारी नर्सरी से हितग्राहियों को किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार से गतिविधियां प्रारंभ की गईं हैं। किचिन गार्डन में औषधीय पौधों को लगाने की अवधारणा अंतर्गत पूरे देश में 75 लाख पौधों का वितरण किया जाना है।



### पौधे रोपने के साथ किया गया वितरण

आयुष आपके द्वार राष्ट्रीय अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री पांडेय, जिला पंचायत सीईओ ने औषधीय पौधों का रोपण भी किया। साथ ही आधा सैकड़ा हितग्राहियों को पौधों का वितरण भी किया गया। आयुष विभाग ने पौधों के वितरण के साथ ही उनके औषधि गुणों की जानकारी भी मौजूद लोगों को दी। इस दौरान जिला उद्यानिकी अधिकारी एसके त्रिपाठी सहित अन्य जन मौजूद थे।

# केन्द्र से मिलेगी जानकारी, धान की कौन सी किस्म की करें बोनी

## कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौध में धान की एक दर्जन से अधिक किस्मों का किया गया फसल प्रदर्शन





**कटनी।** आपकी भूमि के अनुरूप कौन सी धान अच्छा उत्पादन देगी और कितने दिनों व कितने पानी की जरूरत होगी। इस बात की जानकारी आपको चाहिए तो आप आइए पिपरौध कृषि विज्ञान केन्द्र। यहां पर एक ही स्थान पर आपको धान की जहां विभिन्न किस्मों की जानकारी मिलेगी तो उनकी बोनी करने से होने वाले फायदे की जानकारी भी उपलब्ध होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र में विभाग ने परिसर में एक दर्जन से किस्म की धान का फसल प्रदर्शन किया है। जिसमें बकायदा बोर्ड लगाकर किस्मों के संबंध में जानकारी प्रदान की जा रही है। केन्द्र में अधिक पानी व कम पानी में होने वाली धान की फसलों के अलावा कौन से बीज किस बीमारी से उपचारित हैं, इसका भी प्रदर्शन बोर्ड के माध्यम से किया गया है। इतना ही नहीं धान प्रति हेक्टेयर कितना उत्पादन देगी, इसको भी प्रदर्शित किया गया है। किसान फसल प्रदर्शन के जरिए जानकारी प्राप्त कर उन्नत तरीके से खेती कर अच्छा खासा लाभ कमा सकते हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र में पूसा सुगंधा 4, जेआरबी 1, कालीमूंछ, पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1, बासमती 1121, चिन्नौर, एमटीयू 1010,सहभागी, जेआर 206, जेआर 81 सहित अन्य धान का प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शन स्थल पर धान की अवधि, उपज प्रति हेक्टेयर के साथ विशेष गुण को प्रदर्शित किया गया है।

# बीमा कंपनियों के 15 प्रकरणों के निराकरण की बनी सहमति



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी में आगामी नेशनल लोक अदालत 11 सितंबर 2021 को सफल बनाये जाने तथा पक्षकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय कटनी के अधिवक्ताओं, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों तथा संबंधित बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के लगभग 15 प्रकरणों में निराकरण की सहमति बनी।

### प्रधान जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक

बैठक में संजीव पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश महोदय कटनी, दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह जिला न्यायाधीश कटनी, संबंधित न्यायालय के न्यायाधीशगण, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, बीमा कंपनी के आवेदक एवं अनावेदक अधिवक्ता एवं सचिव जिला अधिवक्ता संघ कटनी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु परिचर्चा करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निराकरण की अपील की गई।

# बीएम तिवारी इंटक के नवनिर्वाचित अध्यक्ष

## एक दर्जन से अधिक संगठनों के पदाधिकारी रहे मौजूद

**कटनी।** जिला इंटक परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक बीड़ी गौतम के मुख्य आतिथ्य तथा इंटक के संस्थापक सदस्यए पूर्व महामंत्री रमजान भारती की अध्यक्षता में इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित हुई। बैठक में वेस्ट सेंटल रेलवे के अध्यक्ष अफसर हुसैनए राजपत्रित अधिकारी संघ के अनंत तिवारी के प्रस्ताव तथा संयुक्त मोर्चा सहित समस्त संगठनों के उपस्थित सदस्यों के समर्थन से ऊर्जावान नेता बीएम तिवारी को जिला इंटक परिषद कटनी का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। श्री तिवारी के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर सभी उपस्थित सदस्यों ने पुष्प माला पहनाकर बधाई दी। बैठक को प्रदेश कांग्रेस महासचिव हरिशंकर शुक्ला, शिक्षा एवं शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, रामाधार गौतम संयुक्त मोर्चा, अफसर हुसैन रेलवे, रजनीश शर्मा, रजनी शर्मा आयुध निर्माणी इंटक, सुनील पंत, नवनीत चतुर्वेदी शिक्षक कांग्रेश, वरिष्ठ नेता रमाकांत पाठक, आरके गर्ग, डीआर सिहोटे पेंशनर्स एसोसिएशन, पीएम पठरिया, एससी एसटी एंप्लाइज एसोसिएशन, एएम खान, वीके पांडे लिपिक वर्ग, देवीदीन गुप्ता वेंडर्स एसोसिएशन, एके खान कृषक नेता, ओमप्रकाश सक्तेल सफाई कर्मचारी अध्यक्ष, आनंद तिवारी राजपत्रित अधिकारी संघ अध्यक्ष, केएल पांडे उपभोक्ता संगठन, राजा जगवानी, सुजीत द्विवेदी ने संबोधित किया। बैठक में तय किया गया कि 15 दिवस के भीतर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। श्री तिवारी ने इंटक अध्यक्ष का पद स्वीकार करते हुए इंटक के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय अरविंद पाठक के पद चिन्हों पर चलकर संगठन के सभी सदस्यों के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान करने की बात कही।



## राधा कृष्ण की वेशभूषा में शामिल होंगे बच्चे, करोना गाइडलाइन का कमेटी करेगी पालन

# रविवार को मनेगा 67 वां दधिकांदो महोत्सव



**कटनी।** श्री बधाई उत्सव कमेटी के द्वारा विगत 66 वर्षों से दधिकांदो महोत्सव मनाया जा रहा है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी करोना संक्रमण के चलते हुए दधिकांदो महोत्सव लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में मनाया जाएगा। इस बर्ष 67 वां दधिकांदो महोत्सव के आयोजन में कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा भगवान श्री का अभिषेक एवं भजन संध्या का आयोजन 5 सितंबर 2021 रविवार को शाम 4: 30 बजे से श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया है। कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत 12 वर्ष तक के बच्चों को राधाकृष्ण की वेषभूषा में आने पर पुरुस्कृत किया जावेगा। कमेटी के संरक्षक मंडल राजू अग्रवाल, राजू खंडेलवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल, बिहारी लाल सोनी, ओमप्रकाश टुडहा, पदम तिवारी, सुरेश सराफ, गनेश मोर, विनीत चौहान, अशोक नगरिया, एवं कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक वर्मन, सतीश सोनी, मयूर खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार, शिवम पहारिया, डिंपल रजक, अभिनव सोनी, अनु बहरे, कृष्णा सोनी, संयोजक मंडल प्रेम प्रकाश दीक्षित, संजीव चौदहा, अनिल खर्द, अध्यक्ष अभिषेक पुरवार, सचिव मनोज त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष संतोष पांडे सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने दाधिकांदो महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में सभी श्रद्धालु जनों से शामिल होने अपील की है।

## दाधिकांदो में गौमाता उपचार केंद्र बच्चों को करेगा पुरस्कृत

श्री बधाई उत्सव कमेटी कटनी द्वारा 5 सितंबर रविवार को शाम 4: 30 बजे से यदि दधिकांदो महोत्सव के आयोजित कार्यक्रम में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में बच्चों की कौतुक वेशभूषा आयोजित की गई है। बच्चे राधा कृष्ण की वेशभूषा में शामिल होंगे। बच्चों को लकी ड्रा के माध्यम से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। साथ ही उपचार केंद्र द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। गौमाता उपचार केंद्र चांडक चौक की टीम द्वारा वेशभूषा प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाने का निर्णय लिया गया है। गौमाता उपचार केंद्र अध्यक्ष सतीश सोनी, सचिव अखिलेश पुरवार, अभिनव सोनी, अन्नू बहरे, डिंपल रजक, मंजू शर्मा, विवेक शर्मा, शैलेश पाठक, आस्था राय, कृष्णा सोनी, दिलीप सोनी, गोलू सोनी, सौरव शर्मा आदि ने बच्चों को राधा कृष्ण की वेशभूषा में भेजने अपील की है।

# प्रभात फेरी एवं रैली के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



**कटनी।** स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता उत्पन्न कर नगर की सफाई व्यवस्था एवं पर्यावरण संरक्षण में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें के उद्धेश्य से नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नियुक्त एजेंसी की टीम के माध्यम से रफी अहमद किदवई वार्ड की विभिन्न गलियों में प्रभात फेरी एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय रहवासियों को कचरे के प्रकारों से अवगत कराते हुए गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखनें तथा निगम के कचरा वाहन में पृथक -पृथक ही देनें, गीले कचरे से घर पर ही खाद बनानें की प्रकिया से अवगत कराया गया। जल स्त्रोतों एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलिथीन का उपयोग न कर कपडे के थेलों का उपयोग कर नगर के पर्यावरण संरक्षण में निगम प्रशासन का सहयोग प्रदान करनें तथा टोल फ्री नंबर 14420 पर कॉल कर अधिकृत स्वच्छता मित्रों से मशीनों के माध्यम से ही हर तीन वर्ष में सेप्टिक टेंक एवं सीवर की सफाई करानें की अपील की गई।

# बीमारियों से बचाव हेतु कराया कीटनाशक दवाओं का छिड़काव



**कटनी।** निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि कटनी मुडवारा विधायक संदीप जायसवाल द्वारा वर्तमान समय में डेंगू, चिकनगुनिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों तथा संभावित मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु नगर की सफाई व्यवस्था को निरंतर सुचारू रखी जाकर वार्डो में कीटनाशक दवा का छिडकाव करानें के निर्देश प्रदान किये है। श्री सोनी ने बताया कि नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के समस्त स्वच्छता निरीक्षकों एवं प्रत्येक वार्ड के वार्ड दरोगाओं को अपनें अपनें प्रभार वाले वार्डो में विशेष साफ-सफाई करानें तथा कीटनाशक दवा का छिडकाव कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करनें हेतु निर्देशित किया गया है। जिसपर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा आज द्वितीय पाली में अभियान चलाकर नदी पार स्थित शिवाजी नगर गली नंबर 2 में उमाकांत बांगर जी के निवास एवं अन्य स्थलों, जगमोहन दास वार्ड की विभिन्न गलियों, अंबेडकर वार्ड की विभिन्न गलियों, कावस जी वार्ड भट्ठा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान चलाकर हेण्ड स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवा का छिडकाव कार्य किया गया।

**आवश्यकता है**

कम्पनी में ट्रांसपोर्टिंग एवं गाड़ी वालों को संभालने हेतु अनुभवी युवक की आवश्यकता है।

पता :- एस.एस. मल्टीग्रेन इंडिया प्रा.लि. लमतरा-कटनी
मोबाइल नं. :- केवल वाट्सएप हेतु- 9300510267

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
**एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर**
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

**एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# अब सर्वसुविधायुक्त भवनों में संचालित होंगी पंचायतें

## नवीन मॉडल के 13 भवनों का कार्य पूर्णता की ओर, अन्य पंचायतों को भी किया जाएगा योजना में शामिल



**कटनी।** ग्राम पंचायत की सरकार भी जिले में अब सर्वसुविधायुक्त भवनों में संचालित होगी। सुविधाओं के बीच लोग बैठकर गांव के विकास की योजनाएं बनाएंगे। जिले में नवीन मॉडल के ग्राम पंचायत भवन तैयार कराए जा रहे हैं जो प्रदेश में अपने तरह के अलग मॉडल होंगे।

जिला पंचायत ने जिले में नए तरह के पंचायत भवनों की योजना तैयार कराई है। पुराने भवनों में देखने में आता था कि न तो उनमें पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को ही बैठने की पर्याप्त जगह होती थी और न ही ग्रामीणों के लिए। इसको देखते हुए जिला पंचायत ने नवीन भवन का मॉडल तैयार कराया है ताकि सुविधा के बीच गांव के लोग व पंचायत प्रतिनिधि बैठकर विकास की कार्ययोजना तैयार कर सकें। जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व के कई पंचायत भवनों का कार्य वर्षो से अधूरा पड़ा है लेकिन नवीन मॉडल के 20 लाख रूपये की लागत से तैयार कराए जा रहे भवनों के निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी को महज 6 माह का समय दिया गया है।

इसी अवधि में उन्हें काम पूरा करना होगा। जिसके प्रथम चरण में 13 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है और उनके भवन लगभग पूर्णता की ओर हैं। उसी तर्ज पर डेढ़ दर्जन भवनों को दूसरे चरण की कार्ययोजना में शामिल किया गया है।

### रेस्ट हाउस की भी रहेगी सुविधा

अक्सर देखने में आता था कि ग्राम पंचायतों के निरीक्षण या अन्य कार्य से गए अधिकारियों को चौपाल लगाने, ग्रामीणों से संवाद या रात्रि विश्राम आदि करने की सुविधा अधिकांश स्थानों पर नहीं हो पाती थी। जिसके चलते मजबूरी में अधिकारी स्कूल भवन या अन्य स्थानों की तलाश करते रहते थे। इन सब समस्याओं को देखते हुए नवीन मॉडल के पंचायत भवनों में एक कक्ष ग्रामीण रेस्ट हाउस के नाम से भी बनाया गया है। जिसमें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी और अधिकारियों को ग्रामीणों से संवाद, बैठक करने और रात्रि में रूकने के लिए परेशान नहीं होना होगा।

### स्वसहायता समूह की महिलाएं करेंगी संचालित

प्रदेश सरकार आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित गांव-गांव संचालित स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आगे लाने लगातार प्रयास कर रही है। इसको ध्यान में रखकर नवीन ग्राम पंचायत भवन के मॉडल में एक कक्ष समूह की महिलाओं के लिए भी आरक्षित होगा। कक्ष में समूह की महिलाएं अपनी गतिविधियां संचालित कर सकेंगी और उनको भी स्थल के लिए परेशान नहीं होना होगा।

### प्रथम चरण में इन पंचायतों में हो रहा काम

जिला पंचायत ने जिले के बड़वारा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हदरहटा, विलायतकला, पिपरियाकला, ढीमरखेड़ा की महगवां बडख़ेरा, कटनी की हीरापुर कौड़ियां, पौंसरा, रीठी जनपद की ढुढरी, अमगवां, लालपुरा, बड़गांव और विजयराघवगढ़ जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत घुन्नौर, जारारोड़ा, हंतला को नवीन मॉडल का पंचायत भवन के लिए चुना है। जिनमें से अधिकांश के काम पूर्णता की ओर हैं।



# आरटीओ कार्यालय में दलालों का साम्राज्य

## केन्द्रीय परिवहन मंत्रालय के निर्देशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**कटनी।**

अभा वैश्य महापरिषद एवं जन लोक मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रशासन को दिए एक ज्ञापन में कहा है कि आर.टी.ओ. दलाल का साम्राज्य इस कदर फैला हुआ है कि किसी भी प्रकार परिवहन से संबंधित कार्य एवं वाहन संचालन परिचालन अनुज्ञप्ति के कार्य को पूर्ण रूप देने की लिये दलालों की शरण में जाना अनिवार्य एवं आवश्यक हो गया है। किसी भी प्रकार की कोई भी वांछित जानकारी का प्रमाणीकरण सक्रिय दलालों के आधार पर होता है। उसके अलावा किसी भी प्रकार की कोई भी विधिक प्रक्रिया का पालन अमान्य रहता है। कार्यालय क्षेत्र परिसर के अंतर्गत ही ग्रामीणों एवं आमजनों से राशि परिचालन अनुज्ञप्ति एवं परिवहन से संबंधित कार्य पूर्ण करने के लिए निर्धारित राशि से अधिकतम राशि मनमाने पूर्ण ढंग से लगभग लगभग 10 गुना से 20 से गुना वसूली जाती है। परिषद के सदस्यों ने यह भी मांग की है कि आर.टी.ओ.कार्यालय के सामने एक नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें यह दर्शित होना चाहिए की अगर कोई भी व्यक्ति या आमजन आर.टी.ओ.कार्यालय से संबंधित कार्य हेतु जाता है तो वह सीधे कार्यालय से अधिकारी एवं कर्मचारियों से संपर्क करके आप अपना कार्य करा सकते है। इस अवसर पर परिषद के प्रदेशाध्यक्ष अनिरूद्ध बजाज, राजकिशोर यादव, साक्षी गोपाल साहू, अनंत गुप्ता, प्रकाश जैन, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, श्याम तिवारी, अंजुला बजाज, राजेश जाटव, संजय गुप्ता, विजय मंगल चौधरी, कल्पना जितेन्द्र अहिरवार, मनोज बाझल,अंशुल बहरे की उपस्थिति रही।

# सायना में याद किए गए मेजर ध्यानचंद



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का 116 वाँ जन्मदिन खेल दिवस के रूप में मनाते हुए चार दिवसीय खेल श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस श्रीमती पिंकी बलियानी ने करतल ध्वनि के साथ सभी का स्वागत किया। इस दिन छात्राओं और शिक्षकों के बीच बॉलीबाल मैच का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने बाजी मारी। इस जीत में आर्ची ताम्रकार का प्रमुख योगदान रहा। द्वितीय दिवस में बॉस्केबाल मैच में आस्था अवस्थी और मिहिका अवल के जोशपूर्ण खेल से छात्राओं ने जीत हासिल की। श्रंखला के तृतीय दिवस में छात्रों और शिक्षकों के बीच बॉलीबाल का शानदार मैच हुआ जिसमें छात्रों ने बाजी मारी। इस मैच में यश मिश्रा ने अहम भूमिका निभाई।चतुर्थ दिवस में हॉकी मैच का आरंभ समन्वयक डॉ लोकेश दुबे ने सिक्का उछालकर किया। छात्र व शिक्षकों के दल ने पुरजोर कोशिश की लेकिन जीत शिक्षकों की झोली में गई। छात्र दल की ओर से तनिष नौगरहिया व आशुतोष अग्रवाल ने खूब जोर लगाया लेकिन श्रीमती पिंकी बलियानी के शानदार कौशल के आगे उनकी एक न चली और अंततः 2-5 से जीत शिक्षकों की झोली में जा गिरी। कार्यक्रम के समापन मेंबच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर विजेताओं का स्वागत किया। छात्रा आस्था अवस्थी एवं अनुष्का जैन ने ध्यानचंदजी के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉआदित्य कुमार शर्मा ने सभी को बधाई देते हुए अपने संदेष में कहा कि नई शिक्षा नीति में खेल को एक विषय के रूप में शामिल किया गया। खेल से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है इसलिए खेल हर आयुवर्ग के लिए आवश्यक है।बच्चों को संबोधित करते हुए समन्वयक डॉ. लोकेश दुबे ने कहा कि खेल से अनुशासन आता है और अनुशासन विद्यार्थी जीवन का आधार है। इसलिए पढ़ाई के साथ खेलना आवश्यक है। खेल विभाग का यह प्रयास अतिप्रशंसनीय है और आगे भी ऐसे आयोजन छात्रों के हित में होंगे। श्रीमती बबिता बजाज ने बच्चों के साथ खेल विभाग के षिक्षकों को भी बधाई दी। सायना के क्रीड़ा विभागाध्यक्ष दीपक बलियानी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य के साथ बच्चों व सभी शिक्षको का आभार जताते हुए कहा कि मेरे साथी निखिल मेहता और श्रीमती बलियानी के सहयोग के बिना यह आयोजन संभवन नहीं था। स्वलापाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**चार दिवसीय खेल श्रृंखला से हुआ आगाज**





# 4 महीने बाद रविवार से फिर शुरू होगा जिले का सबसे बड़ा हाट-बाजार

## दुकानदारों के लिए कोरोना गाइड लाईन का पालन होगा अनिवार्य

**कैमोर।** कैमोर उद्योग नगरी कैमोर में प्रति रविवार को भरने वाला जिले का सबसे बड़ा हाट-बाजार इस रविवार 5 सितंबर से पुनः गुलज़ार होगा। कोरोना की दूसरी लहर के दौरान अप्रैल महीने से लागू हुए लॉक डाउन के समय बाज़ार भरने पर रोक लग गई थी। तब से अब तक इस साप्ताहिक बाज़ार में रविवार और बुधवार को भी वीरानी छाई रहती थी। मजदूर और व्यापारी से लेकर आम जन को भी बाज़ार नहीं लगने से परेशानी हो रही थी। यश भारत ने लोगों की इस समस्या की ओर कई बार प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। अंततः एस डी एम विजयराघवगढ़ प्रिया चन्द्रावत ने कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए रविवार 5 सितंबर से कैमोर के सन्डे मार्केट में भरने वाले इस साप्ताहिक हाट-बाजार को पुनः खोले जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। कैमोर का यह साप्ताहिक बाजार जिले का सबसे बड़ा ही नहीं सबसे व्यवस्थित बाजार भी है। लगभग चार-पांच एकड़ क्षेत्र में फैले बाजार स्थल में दुकानदारों के लिए पक्के चबूतरे बने हैं। चबूतरों पर धूप और बारिश से बचने के लिए शेड भी लगा है। पक्की सड़कें हैं। जिले के बाहर से भी व्यापारी यहां अपनी दुकान लेकर आते हैं। फल-सब्जी से लेकर कपड़े, बर्तन, सौंदर्य प्रसाधन, किराना, आभूषण सहित कृषि संबंधित समान भी यहां की दुकानों में मिल जाता है। ठेले टपरे वाले छोटे मोटे दुकानदार, कुली, हम्माल और मजदूर वर्ग को अच्छा खासा रोजगार इस साप्ताहिक बाजार सर मिल जाता है। पिछले चार पांच महीने से बाजार बंद होने के कारण सैकड़ों परिवारों के सामने आर्थिक समस्या आ गई थी। फल और सब्जियां मनमाने दामों पर खरीदने लोग विवश थे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों ने एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर बाजार खोलने की स्वीकृति प्रदान करने आग्रह किया था। सांध्य दैनिक यश भारत भी आम जनों की आवाज़ बनकर इस समस्या को प्रमुखता से उठाता रहा है। अंततः लोगों की यह मांग पूरी हुई एस डी एम ने बाजार खोलने अनुमति प्रदान कर दी। बताया गया कि एस डी एम के आदेश के बाद नगर परिषद कैमोर द्वारा आज बाजार स्थल की साफ सफ़ाई कराई गई। सभी वार्डों में मुनादी कराकर साप्ताहिक बाजार खुलने की जानकारी दी गई।


2 सिटी का पहला पन्ना
यश भारत
ग़रीबों पर कुछ तो तरस खाओ सरकार

# बाणसागर डूब क्षेत्र वासियों को शीघ्र मुआवजा दिलाने पहल



**विजयराघवगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से एडव्होकेट सुरेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष विजयराघवगढ़ ने उनके निवास भोपाल पहुंचकर सौजन्य भेंट की एवं विद्युत विभाग की क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराते हुए श्री पांडे द्वारा मांग की गई की विजराघवगढ़ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम जो बाणसागर डूब क्षेत्र में आते हैं, उनके कृषि की सिंचाई सुविधा विद्युत की कमी के कारण अधूरी रहती है एवं उनकी शासन के निर्देशन में दिलाई जाने वाली मुआवजा राशि आज तक अप्राप्त है, जिसे प्रभारी मंत्री से दिलाने की मांग की गई। गरीब कृषक जो केवल कृषि पर ही आश्रित है। तत्काल पूर्व की मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाए एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं भी तत्काल निराकरण करने के आदेश किये जाए।

# जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक



**विजयराघवगढ़।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग की सहयोगी संस्था स्वयं सिद्धा एवं सिध्दात समिति भोपाल के परियोजना अधिकारी नंदकिशोर कुशवाहा के निर्देशन में जल जीवन मिशन के माध्यम से विजयरावघगढ विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहटा के ग्राम बरहटी आंगनबाडी केंद्र में आगामी कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक जल बचाने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वसहायता समूह के सदस्य, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, ग्राम सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका उपस्थित रहे। चोपाल लगाकर बैठक के आयोजन में फील्ड अधिकारी मनोज कुमार चौधरी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नुक्कड़ नाटक के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ ही उपस्थित ग्रामीण जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व कर्मचारियों से सुझाव भी लिया गया। ताकि हम ग्रामीण जनों को जल बचाव को नुक्कड़ नाटक के द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर आने वाले ग्रीष्म ऋतु के दिनों में जल समस्या से निजात पा सके।कार्यक्रम के अंत मे फील्ड अधिकारी श्री चौधरी द्वारा सभी ग्रामीण जन सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत
कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# नगर के मुख्य मार्गो सहित मलिन बस्तियों में कराई जा रही रोजाना सफाई

## कचरे के प्वाइंट की सफाई सहित किया जा रहा डोर टू डोर कचरे के संग्रहण कार्य



**कटनी।** रोजाना नगर के मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों, एवं मलिन बस्तियों की सार्वजनिक सडकों एवं नालियों की सुचारू सफाई व्यवस्था के विशेष प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं निगम के स्वच्छता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में नगर की सफाई व्यवस्था हेतु आज प्रातः 5 बजे से निगम के स्वच्छता मित्रों द्वारा वार्ड क्रमांक 1 स्थित पन्ना मोड, बस स्टेण्ड परिसर, नदीपार मुख्य मार्ग, मिशन चौक मुख्य मार्ग, मैकेनिक लाईन, महात्मा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों, घंटाघर, चांडक चौक से सुक्खन चौक जुलूस मार्ग, वीर सावरकर वार्ड के विभिन्न मार्गो, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग की सफाई एवं ग्रीन कॉलोनी में खरपतवार की कटाई, स्टेट बेंक तिराहा, एम.जी.एम हास्पिटल के सामनें, सिविल लाईन, गणेश चौक, मिर्चूमल गली, भीमराव चौक से विवेकानंद चौक, रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज पडरवारा मुख्य मार्ग सहित कवस जी वार्ड स्थित भट्टा मोहल्ला मलिन वंशकार बस्ती की सार्वजनिक सडकों की सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव, बाबू जगजीवन राम वार्ड में जैन मार्केट एरिया, पुलिस कॉलोनी एवं श्री मार्तण्ड सिंह जी के निवास के पास सफाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिडकाव का कार्य कराया गया। नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न वार्डो के कचरा प्वाइंटों की सफाई सहित मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई व्यवस्था के तहत पन्ना मोड मुख्य मार्ग, कोतवाली थाना से मिशन चौक तक मुख्य के डिवाईडर, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, बरगवां होण्डा एजेंसी के पास के डिवाइडर की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। डोर टू डोर कचरे के संग्रहण के माध्यम से नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास भी अनवरत जारी है। नगर की नालियों की सफाई एवं सुगम पानी की निकासी हेतु राम मनोहर लोहिया वार्ड मुक्तिधाम रोड, वीर सावरकर वार्ड स्थित जैन गली की नाली के जाम की सफाई, कावस जी वार्ड मलिन बस्तियों में, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड एवं भरत चौक से रंगनाथ मंदिर तक, संतकवरराम वार्ड में विभिन्न स्थलों की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों की नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया।

# बॉडी फिट है तो माइंड हिट है



युवा मंत्रालय भारत सरकार एवं नेहरू युवा केंद्र कटनी जिला युवा अधिकारी कीर्तिका कुहर और राजकुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार में ढीमरखे?ा ब्लॉक के एनवाईवी विवेक गौतम एवं पूर्व एनवाईवी विकास गौतम के द्वारा। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत दो किमी की फिटनेस रन का आयोजन किया। इसमें ग्राम पंचायत धोरी सर में पंच महोदय संजय घर के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दौड़ कराई गई जिसमें गांव के युवाओं में पहलाद गर्ग अंकित पांडे चंचल गर्ग राहुल गर्ग हिमांशु गर्ग वेद प्रकाश गर्ग बबलू गर्ग सहित लगभग 100 कैडेटों ने भाग लेकर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय स्तर पर फिट इंडिया रन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2019 में की थी। इस साल 14 अगस्त को युवा एवं खेल मामलों के केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फिट इंडिया फ्रीडम रन 2. 0 के नाम से की है। यह अभियान 02 अक्टूबर तक चलेगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत के लोगों को स्वस्थ्य रखने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले हर रोज आधा घंटा व्यायाम, दौ?, योग अथवा अन्य कसरत करने की शपथ ली। साथ ही अपने स्वजनों, प?ोसियों, ग्रामीणों को भी फिटनेस से जु? क्रियाकलाप करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके बाद राष्टगान गया गया। इस अवसर पर 100 से अधिक कैडेट उपस्थित थे।

# सावधान..कटनी में डेंगू कभी भी मार सकता है डंक

## अब तक एडवाइजरी तक जारी नहीं की स्वास्थ्य विभाग ने

## सफाई को लेकर दावे बड़े, हकीकत से कोसों दूर

*कटनी। शहर में भले ही अभी डेंगू की दस्तक नहीं हुई हो लेकिन कटनी से 90 किलोमीटर दूर जबलपुर में डेंगू बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। कटनी जिले की बात करें तो यहां स्वास्थ्य विभाग गहरी निद्रा में है और इस बीमारी से बचाव के लिए अब तक एडवाइजरी तक जारी नहीं की गई है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ने के बाद हालात बेकाबू हो जाएंगे, तब स्वास्थ्य विभाग इससे बचाव की तैयारियां करेगा। स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में जिले में अभी डेंगू से पीड़ित मरीज एक भी नहीं है, लेकिन खबरों की मानें तो निजी अस्पतालों में इस बीमारी की चपेट में आकर भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिले के एक निजी हॉस्पिटल में कल एक मरीज को इस बीमारी की चपेट में आकर भर्ती किया गया था। इसके बाद भी जिले का स्वास्थ्य विभाग अब तक सक्रिय नहीं हुआ है।*

गौरतलब है कि बरसात के मौसम में मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियां जैसे कि डेंगू और मलेरिया का जोखिम बहुत बढ़ जाता है। कोरोना महामारी अभी खत्म नहीं हुई थी और अब डेंगू व मलेरिया जैसी महामारी ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। इस महामारी से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से कोई भी तैयारियां जमीनी स्तर पर नजर नहीं आ रही है। वार्डों में कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के दावे किए जा रहे हैं लेकिन हकीकत इससे कोसो दूर है। शहर में जगह-जगह खाली प्लाट में पानी एकत्रित हो रहा है और कीटनाशक दवाईओं का छिड़काव नहीं होने की वजह से इसमें मच्छर पनप रहे है। जिसके परिणामस्वरूप लोग बीमार पड़ रहे है। नगर निगम की कचरा गाड़ी में अभी भी डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाने की बजाय अग्रिम कर वसूलने का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जबकि सुविधाओं के लिए आम जनता तरस रही है।



यश भारत खबर विशेष

**सड़कों पर गंदगी, नालियां चोक और नालों में जमा सालों का मलमा**

### क्या कहते हैं चिकित्सा विशेषज्ञ

विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम बदलने पर जल्दी-जल्दी बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है और चूंकि बच्चों की इम्यूनिटी कमजोर होती है, इसलिए उन्हें सबसे ज्यादा खतरा रहता है। बुखार और आम फ्लू को ठीक करना फिर भी आसान होता है, लेकिन मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियां जैसे कि डेंगू जानलेवा साबित हो सकता है। समय पर जांच और इलाज से बच्चे की स्थिति को गंभीर और जानलेवा होने से बचाया जा सकता है। डेंगू से बचाव के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है।

### डॉक्टर से जांच कराना जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि डेंगू के लक्षण पाए जाने के बाद इसका इलाज कराना जरूरी होता है। डेंगू के लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, चकत्ते और मांसपेशियों और जोड़ों का दर्द शामिल है। गंभीर मामलों में गंभीर रक्तस्राव और सदमे की स्थिति हो सकती है, जो जानलेवा भी सिद्ध हो सकती है। दर्द की जगह, आंखों का पिछला हिस्सा, जोड़, पीठ, पेट, मांसपेशी, या हड्डियां, पूरे शरीर में ठंड लगना, थकान, बुखार, या भूख न लगना। पेट और आंत संबंधी उल्टी या मतली, चकत्ते या लाल धब्बे। यह होना भी आम है। आसानी से खरोंच जैसा निशान बन जाना या सिरदर्द भी इसका एक लक्षण है।

### डेंगू बुखार के लक्षण

0 अचानक तेज बुखार।
0 सिर में आगे की और तेज दर्द।
0 आंखों के पीछे दर्द और आंखों के हिलने से दर्द में और तेजी।
0 मांसपेशियों बदन व जोडों में दर्द।
0 स्वाद का पता न चलना व भूख न लगना।
0 छाती और ऊपरी अंगो पर खसरे जैसे दानें
0 चक्कर आना।
0 जी घबराना उल्टी आना।

### अकर्मण्यता के लिए कमिश्नर को सम्मानित करेंगे कांग्रेस नेता

शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर ही भी सफाई नहीं की जा रही है और सिर्फ औपचारिकता ही निभाई जा रही है। वार्डों में दूसरी पाली में सफाई कर्मचारी सफाई करने से ही नहीं आते और पहली पाली में भी औपचारिक कार्य कर चले जाते है। जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल पूर्ण हो जाने से निगम प्रशासन हिटलरशाही रवैया अपनाने में उतारू है। फॉगिंग मशीनों का भी पता नही है। न जाने कितनी मशीनों के बिल निकलते है लेकिन चालू हालात में एक भी नहीं दिखती है। निवर्तमान पार्षद मनोज गुप्ता ने बताया कि जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के निवर्तमान पार्षदों द्वारा आयुक्त की अकर्मण्यता के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

### इनका कहना है

जिले में अभी डेंगू का एक भी मरीज नहीं है। सतर्कता और बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। शहर और ग्रामीण अंचलों में चिकित्सा स्टाफ को अलर्ट किया गया है। किसी भी मरीज में डेंगू का लक्षण मिलने पर तत्काल जांच और उपचार के लिए अमले को निर्देशित किया गया है। एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। लोगों से कहा जा रहा है कि डेंगू के लक्षण मिलने पर तत्काल चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श लें। **-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**



# फैक्ट्री से गेयर बाक्स चोरी के आरोपी गिरफ्तार

### 48 घंटों के अंदर बड़वारा पुलिस ने सुलझाई वारदात

**कटनी। बड़वारा पुलिस ने ग्राम बछरवारा स्थित यूनिवर्सल रिसोर्सेस फैक्ट्री मे हुई लाखो रुपये की चोरी का 48 घंटो में खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम बछरवारा स्थित आर.के.अग्रवाल की फर्म यूनिवर्सल रिसोर्सेस फैक्ट्री में 30-31 अगस्त की रात अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर किलन मशीन में लगा एक लाख रूपए कीमती गेयरबाक्स चोरी कर ले गए थे।**

चोरी की सूचना फैक्ट्री कर्मचारी बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझौली निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार पिता सुखाली पाल ने पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में आरोपियों की पतासाजी में जुट गई। जिसमें पुलिस को 48 घंटों के अंदर सफलता मिल गई और उसने संदेहियों से पूछताछ करते हुए ग्राम बछरवारा निवासी 23 वर्षीय शंकर पिता राजेश सिंह चौहान, 20 वर्षीय दीपक पिता राजेश सिंह चौहान, 21 वर्षीय पंकज पिता राकेश सिंह चौहान, बड़वाराखुर्द निवासी 18 वर्षीय मनीष उर्फ अर्जुन सिंह पिता पूरन सिंह गौड़ सहित एक अपचारी बालक को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी के बाद उन्होने गेयरबाक्स क्षेत्र में कबाड़ खरीदने का काम करने वाले 20 वर्षीय हरी उर्फ करन पिता लक्ष्मण चौधरी को बेच दिया था। जिसके बाद पुलिस ने हरी उर्फ करन को भी हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की तो पता चला कि उसने गेयरबाक्स कटनी के आजाद चौक क्षेत्र निवासी कबाड़ी 28 वर्षीय मोहम्मद सलमान उर्फ सोनू कबाडी पिता शान मोहम्मद को बेच दिया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही गेयरबाक्स बरामद किया। 48 घंटों के अंदर चोरी की वारदात का खुलासा करने में बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, उपनिरीक्षक महेन्द्र बेन, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, नितिन जायसवाल, आरक्षक संतोष यादव, विजय चडार व अभय यादव की भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने वारदात का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है।

**चार आरोपियों में एक अपचारी बालक भी, दो कबाड़ी भी हिरासत में**

# नकली इंजन ऑयल बनाने वाली तीन फर्मों पर पुलिस का छापा

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की देरशाम तीन ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की और बड़े अवैध गोरखधंधे का भंडाफोड़ किया है। छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन नकली ऑयल बनाने वाले माफियाओं पर कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्रवाई में लगभग दो हजार लीटर नकली ऑयल जप्त किया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तीन ठिकानों में दबिश दी गई। लक्ष्मी साइकिल स्टोर श्मशान घाट रोड में अजय ख्यानी फर्म संचालित कर रहा था। इसके द्वारा बिना बिल के नकली ऑयल जप्त किया गया है। इसके द्वारा कई कंपनियों के नाम से ऑयल बनाया जा रहा था। इसी तरह तनवीर मनमानी राजलक्ष्मी ट्रेडर्स जालपा वार्ड कटनी में भी छापा मारा। यहां पर खुद जला ऑयल मंगाकर दूसरी कंपनी से ऑयल बनाकर बेच रहा था। इसकी माधवनगर में भी फर्म है। बताया जा रहा है कि रुपयों की लालच में ये कारोबार नकली ऑयल बेच रहे थे।

**2000 लीटर इंजन ऑयल जप्त, कई दिनों से चल रहा था गोरखधंधा**



### जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी एफआईआर

कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि मिलावटखोर नकली ऑयल बनाकर बेच रहे थे। इनके सेम्पल भी जांच के लिए भेजे जाएंगे ताकि यह पता चल सके कि कितनी मिलावट है और कितना नुकसान दायक है। जांच रिपोर्ट के बाद भी आगे की कार्रवाई होगी। टीआई ने कहा कि लगातार अभियान चलाकर इस तरह के माफियाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। गौरतलब है कि शहर में खानपान की सामग्री सहित अन्य जरूरी उपयोगी सामग्री में मिलावट हो रही है और असली के नाम पर नकली सामग्री खपाई जा रही है।

### यहां भी पड़ा छापा

पुलिस को सूचना मिली की पुरषोत्तम गुरवानी मां दुर्गा ऑटो पाट्र्स श्मशान घाट रोड भी नकली ऑयल बनाकर बेच रहा था। जब पुलिस मुखबिर के बताए अनुसार मौके पर पहुंची तो यहां पर भी बड़ी मात्रा में नकली ऑयल जप्त किया गया। पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में पूरी कार्रवाई कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई। इस दौरान बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा, उपनिरीक्षक अशोक उपाध्याय, एएसआई कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, ललित मिश्रा, आरक्षक पलाश दुबे, श्रवण मिश्रा, सौरभ तिवारी, गौरी अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

### नकली इंजन ऑयल से जल्दी दम तोड़ रहे थे वाहन

शहर में पिछले कुछ वर्षों से नए वाहन दो से तीन साल में खराब हो जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह ऑयल, पेट्रोल और डीजल में मिलावट है। मैकेनिकों के अनुसार नकली ऑयल में ल्यूब्रीकेट्स कम होता है। इससे इंजन गरम होता है, इंजन से जुड़े अन्य पाट्र्स भी गरम होते हैं, क्लिच प्लेट चिपकती हैं, हाफ सेंटर कट जाते हैं, इंजन भी पूरी तरह से सूख जाता है और खराब हो जाता है।

### इनका कहना है

मुखबिर की सूचना पर तीन ठिकानों में कार्रवाई की गई है। दो हजार लीटर से अधिक नकली ऑयल जप्त किया गया है। पूछताछ जारी है। ये कारोबारी जला ऑयल व अन्य कैमिकल से नकली ऑयल बना रहे थे। जांच रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई होगी।
**-अजय बहादुर सिंह, कोतवाली टीआई**

# बरही में 11 वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने चलाया विशेष धरकपड़ अभियान



**कटनी/बरही।** बरही पुलिस को 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली है। बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के मुताबिक पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश व विजयराघवगढ़ एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में विशेष अभियान चलाकर न्यायालय से प्राप्त गिरफ्तारी व स्थाई वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है। जिसमें पुलिस को गतदिवस बड़ी सफलता मिली और उसने 7 स्थाई व 4 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ कर पुनः न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार किए गए स्थाई वारंटियों में ग्राम कुठिया महगवां निवासी बैजनाथ पांडे व गेदिया बाई विश्वकर्मा, ग्राम लुरमी निवासी संजय सिंह, ग्राम डीघी निवासी मचाली केवट, ग्राम हदरहटा निवासी रामदास गड़ारी, ग्राम सलैया सिहोरा निवासी रामपतिया कुम्हार व कंधीलाल विश्वकर्मा जबकि गिरफ्तारी वारंटियों में ग्राम सकरी निवासी दीपक सहित अन्य शामिल हैं। वारंटियों को पकड़ने में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची, उपनिरीक्षक सीताराम बागरी, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, अजीत सिंह व अवधेश प्रताप सिंह की भूमिका रही।


पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033


सिटी मॉल बरही रोड में
रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से
शानदार तीसरा सप्ताह






कलाकार- अक्षय कुमार, लारा दत्ता, वाणी कपूर, हुमा कुरैशी आदि।
BELL BOTTOM
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में
हालीवुड की सुपरहिट फिल्म



रोजाना 3 शो ता. 03 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से
कलाकार- विन डीजल, जॉन सीना, माइकल रूकर, हेलेन मिरन आदि।
FAST & FURIOUS-9
(हिन्दी में)
नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी* । फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)